कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ0 प्र0,
संख्या–272/7/ई–2/2018–19
दिनांकः प्रयागराज 21 जनवरी, 2019

विज्ञप्ति

उ0प्र0 न्यायिक सेवा सिविल जज (जू0डि0) मुख्य परीक्षा 2018, प्रयागराज व लखनऊ जनपदों में दिनांक 30.01.2019 को एक सत्र में पूर्वाह्न 9:30 बजे से 12:30 बजे तक तथा दिनांक 31.01.2019 व 01.02.2019 को दो सत्रों में प्रथम सत्र पूर्वाह्न 9:30 बजे से 12:30 बजे तक तथा द्वितीय सत्र अपराह्न 2:00 बजे से 5:00 बजे तक सम्पन्न होनी है। उक्त परीक्षा से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उन्हें मुख्य परीक्षा में इस शर्त के साथ औपबन्धिक रूप से सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जा रही है कि उनके द्वारा विज्ञप्ति संख्या–256/7/ई–2/2018–19, दिनांक 11.01.2019 के क्रम में आवेदन–पत्र जमा करने संबंधी प्रक्रिया निर्धारित तिथि तक अवश्य पूर्ण कर ली जाए । यदि सन्निरीक्षणो–परान्त यह पाया जाएगा कि उनके द्वारा निर्धारित तिथि तक आवेदन–पत्र जमा किए जाने संबंधी समस्त प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है तो उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा ।

2–अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि उन्हें प्रारम्भिक परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन में किए गए दावों एवं मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन दी गई सूचना के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रवेश दिया जा रहा है। यदि वे पद हेतु निर्धारित अर्हता आवेदन–पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि **दिनांक 11.09.2018** तक धारित करते हों तभी परीक्षा में सम्मिलित हों, अन्यथा बाद में परीक्षण के दौरान अनर्ह पाए जाने पर उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा। अभ्यर्थी उक्त परीक्षा का प्रवेश–पत्र आयोग की बेवसाइट http:// uppsc.up.nic.in से डाउन लोड कर प्राप्त कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र पर फोटो मुद्रित न हो वे आई.डी. प्रूफ की मूल प्रति एवं दो छायाप्रति तथा पासपोर्ट साइज़ के दो फोटोग्राफ लेकर संबंधित केन्द्र पर उपस्थित हों अन्यथा उन्हें परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

(अंजू कटियार)
परीक्षा नियंत्रक